हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 145 देहरादून, बृहस्पतिवार, 30 नवंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



टनल हादसा : कड़वा अतीत छोड़ उत्तरकाशी मिशन बना मिसाल 3

# सिलक्यारा रेस्क्यू अभियान में सफलता के बाद दून पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी 29 नवंबर : सिल्क्यारा उत्तरकाशी में 41 श्रमिक भाइयों के सफल रेस्क्यू अभियान के पश्चात प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी आज सहस्त्रधारा हेलीपैड देहरादून आगमन पर भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में महानगर के पदाधिकारी द्वारा अपने प्रिय मुख्यमंत्री का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया महानगर अध्यक्ष ने माननीय मुख्यमंत्री जी का स्वागत करते हुए कहा कि आप उत्तराखंड के गौरव हैं ।

उत्तराखंड के साथ-साथ आप संपूर्ण विश्व पटल पर आपका नाम बहुत आदर एवं सम्मान के साथ किया जाएगा क्योंकि आप एवं देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने जो व्यक्तिगत तौर पर श्रमिकों को सुरंग से निकालने हेतु प्रयास किए हैं बहुत ही सराहनीय हैं बहुत ही प्रशंसनीय हैं उत्तराखंड ही नहीं अपित पूरा विश्व आप पर गौरांवित है भव्य स्वागत में प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान रविंद्र कटारिया महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा निरंजन डोभाल मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत पंकज शर्मा ज्योति कोटिया राहुल लारा संकेत नौटियाल उमा नरेश तिवारी प्रदीप कुमार मंजीत रावत वैभव अग्रवाल सौरभ शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट पारस गोयल तरुण जैन सुजीत थापा आदि कार्यकर्ताओं ने माननीय मुख्यमंत्री जी का भव्य स्वागत किया।







## उत्तराखंड : 4 जिलों में अगले 3 दिन खराब रहेगा मौसम, बारिश बर्फबारी का अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 30 नवंबर : उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड समेत चार धाम क्षेत्र में जमकर बर्फबारी हुई। जिससे तापमान में तेजी से गिरावट आई है। पहाड़ों में गिरी बर्फ के चलते मैदानी इलाकों में भी ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल मौसम ऐसा ही बना रहेगा। अगले तीन दिन पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी व मैदानी इलाकों में बूंदाबांदी की संभावनाएं जताई गई है।

बीते दिन चारधाम के साथ ही उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम के करवट बदलने से पहाड़ों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी ठंड ने दस्तक दे दी है। मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में 7 और न्यूनतम में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।पहाड़ी क्षेत्रों में अगले तीन दिनों तक हल्की बारिश होने की संभावना है।





जबकि मैदानी क्षेत्रों में घने बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान है। जिससे ठंड में इजाफा होगा। पिछले तीन दिनों से प्रदेश के तापमान में तेजी से गिरावट आई है। बादल छाए रहने व हवा चलने से मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ रही है। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, चैनाप घाटी, गोरसो बुग्याल, क्वारीपास सहित अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में बीती रात जमकर हिमपात हुआ। इसके अलावा औली में दस नंबर टावर तक भी बर्फबारी हुई है। केदारनाथ में भी बर्फबारी के चलते पुनर्निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। औली में दस नंबर टावर तक बर्फबारी हुई, जिसका पर्यटकों ने खूब लुत्फ उठाया। केदारनाथ में दो इंच तक नई बर्फ जम गई है।

## स्वास्थ्य मंत्री रावत ने सिलक्यारा सुरंग से बचाये सभी श्रमिकों का जाना हालचाल

देहरादून। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत आज श्रीनगर गढ़वाल से लौटकर एम्स ऋषिकेश पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग से सकुशल बचाये गये सभी 41 श्रमिकों का हालचाल जाना। इस दौरान डॉ. रावत ने श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा उपचार को लेकर एम्स ऋषिकेश प्रशासन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि सभी श्रमिक पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत नहीं है। डॉ. रातव ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के अथक प्रयासों से सभी श्रमिक भाईयों को टनल से सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

**श्रमिकों के बेहतर उपचार को एम्स प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को दिये निर्देश**

उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग हादसे से श्रमिकों को सकुशल बचाये जाने पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के अथक प्रयासों से यह मिशन सफल हो पाया। डॉ. रावत ने एम्स ऋषिकेश पहुंचकर सभी 41 श्रमिकों मुलकात की और एक-एक करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। डॉ. रावत ने बताया कि टनल हादसे की सूचना मिलते ही केन्द्र व राज्य सरकार तत्काल सक्रिय हो गई थी और टनल से श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिये सभी विकल्पों पर द्रुत गति से काम शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस प्रकरण पर नजर बनाये हुये थे और उनके मार्गदर्शन में सभी मिशनरियों ने एकजुट होकर काम किया, जिसका सुखद परिणाम दुनिया के सामने है। उन्होंने कहा कि टनल से सुरक्षित निकाले गये सभी 41 श्रमिक भाईयों को एम्स ऋषिकेश में चिकित्सकों की देखरेख में उपचार दिया जा रहा है। श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय उपचार में कोई कमी अड़े न आये इसके लिये एम्स प्रशासन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिये गये हैं।

# केदारनाथ में दो इंच जमी बर्फ, मौसम का मिजाज बदलने से बढ़ी ठिठुरन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 नवंबर : प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदल रहा है । राज्य के सभी जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। राजधानी देहरादून में हल्की बूंदाबांदी ने ठिठुरन बढ़ा दी है। बीते दिन बारिश के बाद तापमान में और गिरावट की संभावना है। बीते दिन केदारनाथ, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब सहित पिथौरागढ़ की ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई। जिससे प्रदेशभर में पारा लुढ़क गया और ठिठुरन बढ़ गई। पूरे दिन मौसम का मिजाज बदला रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।

जबकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। देहरादून में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान में एक डिग्री और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।मौसम विभाग की मानें को राज्य के सभी जिलों में बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। चारधाम के साथ ही उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी की संभावना है। तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। इससे प्रदेशभर में और अधिक ठिठुरन बढ़ेगी।

देहरादून में आसमान साफ रहने से लेकर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कुछ क्षेत्रों में गर्जन वाले बादल बनने की संभावना है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। गढ़वाल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मंगलवार को सुबह से ही मौसम खराब रहा। दिन चढ़ते ही केदारनाथ में बर्फ की हल्की फुहारे गिरने लगी थीं। दोपहर होते-होते यह तेज होती गईं और धाम में करीब दो इंच तक नई बर्फ जम गई। गढ़वाल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिन से ही मौसम खराब रहा। दिन चढ़ते ही केदारनाथ में बर्फ की हल्की फुहारें गिरने लगी थीं। दोपहर होते-होते यह तेज होती गईं और धाम में करीब दो इंच तक नई बर्फ जम गई।



साभार- गूगल

# आंखों की सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते है ये योग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 नवंबर : भागदौड़ भरी जिंदगी में आज कल हर कोई अपनी सेहत का ख्याल कम ही रख पाते है तो वहीं पर लगातार स्क्रीन के सामने काम करना सेहत के लिए सही नहीं होता है। आंखों की सेहत के लिए ही अगर आप अपनी लाइफ में योगासन को अपना लें तो इसका फायदा आपको मिलता है। यहां पर सेहत के जरिए अगर आप हमारे द्वारा बताए जा रहे योगासनों को अपनी जीवन शैली में शामिल करते है तो आंखों की सेहत अच्छी बनती है इन योगासनों को करें डेली लाइफ में शामिलआपको बताते चलें, योगासनों में से खास अगर आप इन आसन को करते है तो आपकी आंखों की सेहत सुधर जाती है आइए जानते है

1- काकासन इस आसन को करने से पहले आप अपने पैरों को जोड़ कर खड़े हो जाएं। इसके बाद आगे की तरफ झुकते हुए, अपनी हथेलियों को अपने पैरों के सामने रखें और अपनी उंगलियों को फैलाकर रखें। अब अपनी कोहनी को मोड़ते हुए, अपने घुटनों को बाहर की तरफ निकालें। अपने शरीर के वजन को धीरे-धीरे अपने हाथों पर लें। इस दौरान अपने मुंह को सामने की तरफ रखें। धीरे-धीरे अपना सारा वजन अपने हाथों पर छोड़ते हुए, अपने पैरों को हवा में उठाएं और उन्हें जोड़ लें। कुछ सेकेंड लगभग 20-30 सेकेंड तक इस आसन में रहें, फिर रिलैक्स हो जाएं।

2-वृक्षासन (Tree Pose) इस आसन को करने से पहले जमीन पर सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने हाथों को ऊपर करें और जोड़ लें।अब अपने एक पैर को दूसरे पैर की थाई पर रखें। कोशिश करें की आपका पैर आपके पेल्विक रीजन के पास हो। इस आसन में 20-30 सेकंड तक रखें फिर रिलैक्स हो जाएं। इसके बाद यही चरण अपने दूसरे पैर के साथ दोहराएं।

3-सर्वांगासन इस आसन को करने से पहले जमीन पर सीधे लेट जाएं और अपने पैरों को 90 डिग्री ऊपर उठा लें। इसके बाद अब अपने हाथों की सहायता से अपने पैरों को इस तरह उठाएं। अब सिर्फ आपका सिर, पीठ का ऊपरी हिस्सा और कंधे से लेकर कोहनी तक का हिस्सा ही केवल जमीन पर होना चाहिए। अपने पैरों के अंगूठे को आसमान की तरफ रखें। इस आसन में 20-30 सेकेंड के लिए रुकें और फिर रिलैक्स हो जाएं।

4-अधोमुखश्वासन इस आसन को करने से पहले जमीन पर पेट के बल लेट जाएं। इसके बाद अब अपने हाथों के सहारे अपने शरीर के ऊपर की तरफ उठाएं। अपने हाथों को एक-दूसरे से दूर रखें और पैरों को चिपका कर रखें। अब अपने शरीर से त्रिकोण बनाएं और अपने मुंह को पैरों की तरफ रखें यानी अंदर की तरफ देखें। थोड़ी देर तक इस आसन में रहें फिर रिलैक्स हो जाएं।

5-पादहस्तासन इस आसन को करने से पहले अपने पैरों को जोड़कर खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने हाथों को ऊपर की तरफ उठाएं और लंबी सांस लें। अब धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए आगे की तरफ झुकें। अपने हाथों से पैरों के अंगूठे को छूने की कोशिश करें। इस आसन को 20-30 सेकंड के लिए करें, फिर रिलैक्स हो जाएं।



# मरीज की पूरी बात सुने बिना ही डॉक्टर सलाह देते है तो हो जाएं सतर्क

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 नवंबर : कई बार ऐसा होता है कि आपकी तबीयत खराब है और जब डॉक्टर के पास जाते हैं, तो वह आपकी पूरी बात सुने बिना ही सलाह देकर टाल देता है। एक मरीज या पीड़ित की पूरी बात सुने बिना ही डॉक्टर की ऐसी सलाह देने के मामले महिलाओं के साथ कुछ ज्यादा ही होते हैं। डॉक्टर्स के इस बर्ताव को मेडिकल गैसलाइटिंग कहा जाता है। कई बार मरीज मेडिकल गैसलाइटिंग के शिकार होते हैं। अमेरिका के पोर्टलैंड की 39 वर्षीय क्रिस्टीना कैरोन मेडिकल गैसलाइटिंग की शिकार हो चुकी हैं।

डॉक्टर्स का मरीजों की समस्याओं को नजरअंदाज करना, उनकी बीमारी और लक्षणों के लिए मनोवैज्ञानिक वजहों को जिम्मेदार बताया या फिर उनकी बीमारी को सिरे से खारिज कर देना भी मेडिकल गैसलाइटिंग है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि बतौर मरीज सेकंड ओपिनियन लेना चाहिए। यानी, दूसरे डॉक्टर या अस्पताल में जाना चाहिए। न्यूयॉर्क टाइम्स को मेडिकल गैसलाइटिंग से जुड़े एक लेख पर 2,800 कमेंट्स मिले। कई स्टडी से पता चला है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं को बीमारी में गलत इलाज की संभावनाएं ज्यादा हैं। मेडिकल गैसलाइटिंग एक असल समस्या है। मरीजों को खासतौर पर महिलाओं को इससे सचेत रहना चाहिए। डॉक्टर आपकी बात ध्यान से नहीं सुनते और बात पूरी होने से पहले ही सलाह दे देते हैं। मरीज के लक्षणों पर चर्चा नहीं करते। समस्याओं और लक्षणों को महत्व नहीं देते। दर्द न होने पर रोग के लक्षणों को नजरअंदाज करना।

बीमारी के लक्षणों के लिए मानसिक बीमारी/मानसिक अवस्था को जिम्मेदार बताना।किसी तरह के मेडिकल टेस्ट की सलाह नहीं देना। डायरी में अपने लक्षणों को लिखें। क्या परेशानी होती है, किस तरह का दर्द होता है, आपके ट्रिगर पॉइंट क्या हैं, क्या ये परेशानी हमेशा बनी रहती है या किसी खास तरह के वातावरण में आपको इन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन सभी सवालों के जवाब डायरी में दर्ज करें। इसके साथ ही अपनी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट, दवाई और परिवार की मेडिकल हिस्ट्री का ब्यौरा साथ रखें।



# टनल हादसा : कड़वा अतीत छोड़ उत्तरकाशी मिशन बना मिसाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तरकाशी। उत्तराखंड में टनल हादसों में राहत एवं बचाव कार्य का पुराना इतिहास बहुत बेहतर नहीं रहा है। इन सबको पीछे छोड़ इस बार उत्तरकाशी मिशन सिलक्यारा पूरी तरह सफल रहा। टनल अभियान में 16 दिन बाद जाकर सफलता मिली। सभी 41 मजदूरों को बचा कर एक लंबी लकीर खींची गई।

उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल हादसा 17वें दिन जाकर कामयाब हो पाया। इस अभियान में राज्य से लेकर केंद्र की एजेंसियों के समय रहते मोर्चा संभालने से बड़ी कामयाबी हाथ आई। सुरंग में फंसे 41 लोगों में से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ये अभियान की बड़ी सफलता रही। जबकि पूर्व में उत्तराखंड में जो भी टनल हादसे हुए, वहां बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

दिवाली के दिन 12 नवंबर को हुए हादसे के बाद 13 नवंबर से श्रमिकों तक सरकार ने खाने और पीने का इंतजाम कर दिया था। यही इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता रही। सिलक्यारा उत्तरकाशी में घटना के कुछ घंटों के भीतर सरकारी सिस्टम मौके पर पहुंच गया था। हालांकि बचाव अभियान 48 घंटे बाद ही शुरू हो पाया था, लेकिन आपूर्ति समय पर शुरू हो गई थी। इसके कारण सुरंग के भीतर श्रमिकों का हौसला बना रहा। पाइप के सहारे ही पहले श्रमिकों से बातचीत तक हुई। इससे उनमें हिम्मत और बढ़ती चली गई। यही इस अभियान की सफलता की सबसे बड़ी वजह रही।

उत्तराखंड में टनल हादसों का रहा पुराना इतिहासः टिहरी बांध में दो अगस्त 2004 की रात को टनल टी थ्री के धंसने से बड़ा हादसा हुआ। इस हादसे में 29 लोगों की जान गई। इसी तरह सात फरवरी 2021 को चमोली के रैणी ऋषि गंगा में आई बाढ़ के कारण रैणी ऋषि गंगा परियोजना में काम करने वाले 105 लोगों की मौत हो गई थी। यहां भी टनल में फंसने से मौत हुई थी। टनल खोलने में तीन दिन का समय लगा। इस हादसे में टनल में फंसे 105 लोगों के शव तो मिल गये थे जबकि 204 लोग लापता हो गए थे।

**देश-दुनिया के सफल रेस्क्यू में अब सिलक्यारा भी शामिल**

उत्तरकाशी में 41 श्रमिकों को 17वें दिन सकुशल रेस्क्यू किए जाने के साथ ही सिलक्यारा देश-दुनिया के बड़े बचाव अभियानों में शामिल हो गया। यहां देश की आपदा राहत टीमों ने अपनी योग्यता और क्षमता का लोहा मनवाया। यह देश का अभी तक का सबसे सफल रेस्क्यू अभियान माना जा रहा है। इस अभियान के दौरान हमारे संसाधन, आपदा प्रबंधन और इंजीनियरिंग कौशल को कड़ी परीक्षा से गुजरना पड़ा।

## नवोदय नगर संघर्ष समिति ने बुद्धिशुद्धि यज्ञ किया

हरिद्वार। नवोदय नगर संघर्ष समिति ने 11वें दिन सरकार के अलावा हरिद्वार सांसद, रानीपुर विधायक, शिवालिक नगरपालिका के अध्यक्ष के लिए शुद्धि-बुद्धि यज्ञ किया। इस मौके पर सभासद सिंह पाल सिंह सैनी, राकेश राजपूत, एमडी शर्मा, पवन सैनी, दिनेश चंद्र पांडे, मंगला प्रसाद मिश्रा, अतोल सिंह गुंसाई, कुंवर सिंह बिष्ट, तीरथ सिंह पेटवाल, वासु नोडियाल, देवी प्रसाद दुबे, चंद्रमणि राय, दीपा जोशी, नीरज प्रेमी, दीपक नौटियाल, अरविंद पांडे, श्याम सुंदर गुप्ता, अशोक शर्मा आदि बड़ी संख्या में नवोदय नगर वासी और महिलाएं मौजूद थीं।

## संस्कृत छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग के टिप्स दिए

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय पीजी कॉलेज मंगलौर में इतिहास विभाग के हेड डॉ. अनुराग ने करियर काउंसलिंग की जानकारी देते हुए संस्कृत छात्रों के रोजगार के प्रति दृष्टिकोण को विस्तृत किया। डॉ. अनुराग ने छात्रों को अपनी रुचि और ज्ञान को पहचानने के लिए प्रेरित भी किया। डॉ. अनुराग ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रओं को सिविल सर्विस, नेट व अन्य परीक्षाओं की तैयारी किस प्रकार से की जानी चाहिए, उन सभी विषयों की जानकारी छात्रों को दी। बताया कि करियर को लेकर छात्रों में उलझन होना आम बात है, इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि बहुत से छात्र अपने टैलेंट को पहचाने बिना ही किसी भी फील्ड में काम करने का सोच लेते हैं। जिसके लिए वे अनेकों प्रकार के कोर्स भी करते हैं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिलती। वहीं अगर विद्यार्थियों को एक सही मार्गदर्शन करने वाला व्यक्ति मिल जाए तो वह अपने जीवन में काफी आगे तक जा सकते हैं।

## सडक़ों के गड्ढों को लेकर डीएम नाराज, तेजी लाने के निर्देश

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल बैठक में सडक़ों के गड्ढों को लेकर नाराज हो गए। उन्होंने तेजी से सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कागजों के आंकड़े और धरातल में असमानता पाए जाने पर अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को सडक़ों के गड्ढों को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यालय में बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही एसडीएम सडक़ों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कार्य संतोषजनक और अपेक्षानुरुप नहीं पाये जाने पर संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि जिलाधिकारी ने बताया कि सडक़ों को गड्ढा मुक्त किये जाने के लिए जो लक्ष्य दिया गया था उसे प्राथमिकता के अधार पर पूरा किया जाए। बैठक में वीसी एचआरडीए अंशुल सिंह, एडीएम प्रशासन प्यारे लाल शाह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रेमलाल आदि शामिल रहे।

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने रेस्क्यू टीमों को दिया साधुवाद

हरिद्वार। श्रमिकों के सकुशल बाहर निकलने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने भी प्रसन्नता जताई है। बुधवार शाम में प्रेस को जारी बयान में श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सफल निर्देशन में विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने लगातार संघर्ष करते हुए 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकलने में सफलता हासिल की है।

## दुकान पर छापेमारी कर 33 डिब्बे नकली क्रीम पकड़ी , दुकानदार गिरफ्तार

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव में एक दुकान पर छापेमारी कर नकली क्रीम पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपी दुकान को गिरफ्तार कर लिया है। दुकान से 33 डिब्बे नकली क्रीम के बरामद किए गए हैं। दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, एमएस केविन केयर स्टीव पॉवर डिटेक्टिव सर्विस बेंगलूरू की नयनतारा डेमी कंपनी की टीम ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार को ग्राम दादूपुर गोविंदपुर में एक कॉस्मेटिक की दुकान पर नकली क्रीम बेचे जाने की सूचना पर छापा मारा। टीम ने दुकान से 33 डिब्बे बरामद करते हुए जांच-पड़ताल की। रागा डेटन टेन रिमूवल क्रीम के नाम से नकली क्रीम बेची जा रही थी। पुलिस ने दुकानदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने बताया कि रुडक़ी से कोई युवक क्रीम बेचने के लिए उसके पास आया था। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि दुकानदार इरशाद निवासी ग्राम बढेडी राजपुताना बहादराबाद को गिरफ्तार कर लिया गया। नकली क्रीम बरामद कर ली गई है।

## छात्रों ने एनएसएस के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर प्रतिभाग किया

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के चार स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर भुज गुजरात में अपनी प्रतिभाग अपनी कला का प्रदर्शन किया है। एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जे आर मीना ने बताया कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के चार स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर भुज में प्रतिभाग किया। छात्र-छात्रों ने शिविर में उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग किया। शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभाग को प्रदर्शित किया। विश्वविद्यालय एवं उत्तराखंड की ओर से छात्रा तनुजा ने पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में प्रतिभाग किया और छात्रा रिया पंत ने रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। छात्र हर्ष कुमार नामदेव, छात्रा तनुजा एवं रिया ने अन्य प्रतिभागियों के साथ ग्रुप डांस कंपटीशन में प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रुद्रप्रयाग में अस्त्र-शस्त्रों के साथ किया पांडव नृत्य

रुद्रप्रयाग। जिला मुख्यालय की करीबी ग्राम पंचायत दरमोला भरदार में चल रहे पांडव नृत्य में पांडवों द्वारा अस्त्र-शस्त्रों के साथ नृत्य किया जा रहा है। यह दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना है। आगामी 14 दिसम्बर को प्रसाद वितरण के साथ पांडव नृत्य का विधिवत समापन किया जाएगा। बीते 23 नवम्बर एकादशी पर्व पर अलकनंदा-मंदाकिनी संगम स्थल गंगा स्नान के साथ ग्राम पंचायत दरमोला में पांडव नृत्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। बुधवार को सुबह ग्रामीणों ने पूरी प्रसाद एवं खीर बनाकर भगवान बद्री विशाल एवं अन्य देवताओं को इसका भोग लगाया। पुजारी कीर्तिराम डिमरी ने पांडव के अस्त्र-शस्त्रों के साथ देव निशानों की विशेष पूजा-अर्चना कर आरती की। इसके बाद चारों दिशाओं की पूजा व देवताओं का आह्वान किया गया। पांडव पश्वों ने नृत्य करने वाले स्थान के चारों कोने की पूजा-अर्चना की। जिसके बाद ढोल सागर की ताल पर देवता अवतरित होने के बाद पुजारी ने पांडवों को उनके बाण एवं अन्य अस्त्र-शस्त्र दिए। तथा पांडवों ने ढोल-दमाऊ की थाप पर अस्त्र-शस्त्रों के नृत्य शुरू किया। पांडवों का नृत्य दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। बाणों के कौथिग का नृत्य लगभग दो घंटे तक चलता रहा। अंत में बदरीविशाल के लिए तैयार भोग को भक्तों में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। पांडव नृत्य देखने के लिए प्रतिदिन दरमोला, तरवाडी, स्वीली, सेम, डुंग्री, जवाड़ी, मेदनपुर, रौठिया समेत कई दूर-दराज क्षेत्रों से ग्रामीण पहुंच रहे हैं। इससे पूर्व उपस्थित सैकडों भक्तों ने भगवान बद्रीनाथ एवं शंकरनाथ देवता को भेंट लगाकर दर्शन किए, तथा अपने परिवार की खुशहाली की कामना भी की। पांडव नृत्य समिति दरमोला के अध्यक्ष बलवीर सिंह पंवार ने बताया कि 12 दिसम्बर को नौगरी का कौथिग, 13 दिसम्बर को गेंडे का कौथिग व सिरोता एवं 14 दिसम्बर को नारायण के फल वितरण के साथ पांडव नृत्य का विधिवत समापन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को पांडव नृत्य में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के समिति के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह पंवार, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कप्रवान, विक्रम सिंह पंवार, दान सिंह, एनएस कप्रवान, त्रिलोक सिंह, हुकम सिंह, राकेश पंवार, विजय सिंह, मंगल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बालम सिंह, उदय सिंह, लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अभियान चलाकर की छात्रों की मदद

कोटद्वार। भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी में कार्यरत दिव्यांग गणित शिक्षक राजीव शर्मा ने अभियान चलाकर विद्यालय में अध्ययनरत गरीब और जरूरतमंद छात्रों की मदद की। शिक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया में विद्यालय के गरीब और जरूरतमंद छात्र और छात्राओं के मदद के लिए स्वेटर व जूते आदि दान देने संबधी अपील प्रचारित की थी। इस अभियान में उनके सोशल मीडिया दोस्त,सेवानिवृत और वर्तमान शिक्षक, भूतपूर्व छात्रों एवं उनके रिश्तेदारों सहित सिगड्डी ग्रोथ सेंटर स्थित बनजोश कम्पनी के मालिक कमल जोशी सेवानिवृत्त अंग्रेजी प्रवक्ता राजेंद्र सिंह रावत की मदद से वे पचास हजार की धनराशि एकत्र करने में सफल रहे। इस धनराशि से उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए स्वेटर,जूते व जुराबें खरीदी और विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 70 छात्रों को स्वेटर , 50 छात्रों को जूते और सभी 130 छात्रों को जुराबों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके योगदान से इस कार्य को सफलता मिली। उन्होंने कहा कि वे तो केवल एक माध्यम थे जिनको ईश्वर ने इस कार्य के लिए चुना। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सोबेंद्र जोशी, शिक्षक जे के दोहरे, सतीश चंद्र, दीवान सिंह रावत, सुनील खंतवाल, वेद प्रकाश धस्माना, संजय ध्यानी और गजपाल रावत सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्राप्त की जानकारी

कोटद्वार। भाबर क्षेत्र के कलालघाटी स्थित पीएम श्री शहीद लांस नायक धन सिंह राणा राजकीय कन्या इंटर कालेज की कक्षा 11 एवं 9 की 113 छात्राओं ने पीएम श्री योजना के अंतर्गत संस्थानों का शैक्षिक भ्रमण किया और उपयोगी जानकारी प्राप्त की। छात्राओं के दल को प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। छात्राओं ने श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कालेज,राजकीय पॉलीटेक्निक एवं भगवन्त ग्लोबल विश्वविद्यालय का भ्रमण कर विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी प्राप्त की । शिक्षिका मंजू कपरवाण, उषा रावत, किरन जागरवाल, ऋतु थपलियाल,अर्चना कंडवाल एवं अलका लिंगवाल ने छात्राओं का मार्ग दर्शन किया।

### राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, भुज में एनएसएस के छात्रों ने किया प्रतिभाग

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ जे आर मीना ने बताया कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के चार स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर भुज में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई। छात्र-छात्रों ने शिविर में उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग किया । जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना हुनर आजमाया, विश्वविद्यालय एवं उत्तराखंड की ओर से छात्रा तनुजा ने पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में प्रतिभाग किया एवं छात्रा रिया पंत ने रंगोली मेकिंग कंपटीशन में प्रतिभाग किया तथा छात्र हर्ष कुमार नामदेव एवं छात्रा तनुजा एवं रिया ने अन्य प्रतिभागियों के साथ ग्रुप डांस कंपटीशन में प्रतिभाग किया। छात्र दीक्षांत शर्मा ने मोनो एक्ट कंपटीशन में प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय एवं उत्तराखंड के मान को बनाए रखने के लिए संपूर्ण प्रयास किया।

### विकसित भारत संकल्प के तहत डीएम ने डिजिटल रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

चमोली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने कलेक्ट्रेट परिसर से डिजिटल प्रचार वाहनों को विकासखंड पोखरी, नारायणबगड और जोशीमठ ब्लाक के लिए रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा का मकसद केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना और पात्र लोगों को योजनाओं से आच्छादित करना है। यात्रा के सफल संचालन को लेकर जिले से लेकर ब्लाक, न्याय पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर तक अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। जनपद चमोली में विकसित भारत यात्रा 23 नवंबर से शुरू की गई, जो आगामी 26 जनवरी तक संचालित की जाएगी। रथ यात्रा के जरिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में महत्वपूर्ण जानकारी एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल रथ जनपद के सभी 610 ग्राम पंचायत का भ्रमण करेंगे। जनपद की सभी 39 न्याय पंचायतों में स्वास्थ्य एवं बहुउदेशीय शिविर लगाए जाएंगे। रथ यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य सरकारी की योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए मौके पर ही उनका आवेदन लेकर लाभान्वित किया जाएगा।

# धमाकेदार रहा मार्शल स्कूल का 58 वा फाउंडर्स डे सेलिब्रेशन

## सुरंग रेस्क्यू से देश ने देखा सीएम धामी का बेहतरीन आपदा प्रबंधन : रजनीश जुयाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 30 नवंबर , अपनी बेहतरीन एजुकेशन पॉलिसी , क़्वालिटी एडुकेशन और देश दुनिया में अलग अलग फील्ड में अपनी महारत दिखा रहे पुरातन स्टूडेंट्स की वजह से ख़ास मुकाम रखने वाले मशहूर मार्शल स्कूल में जश्न का माहौल था। स्टेज पर स्टूडेंट्स श्रीलंकन डांस और इंग्लिश प्ले से समा बाँध रहे थे क्योंकि मौक़ा था 58 वे फाउंडर्स डे सेलिब्रेशन का ....

स्मार्ट सिटी के एजुकेशन कैपिटल देहरादून में क्वालिटी शिक्षण संस्थानों में ख़ास पहचान रखने वाले मार्शल स्कूल की मजबूत जोड़ी रत्नीश चंद जुयाल और रजनीश चंद जुयाल के नेतृत्व में स्कूल जल्द ही नयी ब्रांच खोलेगा जहाँ स्टूडेंट्स को कम फीस में बेहतरीन शिक्षा दी जाएगी। न्यूज़ वायरस से फ्यूचर प्लान साझा करते हुए प्रिंसिपल रजनीश जुयाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कामकाज की भी खूब प्रशंशा की। उन्होंने कहा कि युवा सीएम धामी एक संवेदनशील शख़्सियत हैं जिन्होंने सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू की कामयाबी में बेहतरीन प्रबंधन से अपनी काबिलियत एक बार फिर साबित की है।

वार्षिक समारोह में स्कूल का मंच धमाकेदार परफॉर्मेंस से धमाल मचाता दिखा। एक तरफ सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को बच्चों कॉमेडी ड्रामा प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया, सीनियर की स्टूडेंट्स अनुष्का तिवारी , पारुल और अनुष्का नैथानी की टीम ने इंटरनेशनल श्रीलंकन डांस से जमकर तालियां बटोरी। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अभिभावकों एवं दर्शकों का दिल जीत लिया। एकांश खंडूरी , शानवी खंडूरी और पूरी टीम ने गढ़वाली, पंजाबी, हरियाणवी, गुजराती, राजस्थानी गीतों की डांस की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत की. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बनाया और स्टूडेंट्स ने शानदार डांस करके दर्शकों का मन लुभाया।

कल्चरल प्रोग्राम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आए लोचन सिंह पठानिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बच्चों की शानदार प्रस्तुति एवं विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई दी। इस मौके पर मार्शल स्कूल के चेयरमैन रत्नीश जुयाल ने आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस बीच कार्यक्रम में देर शाम तक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।




# उत्तराखंड से चलने वाली ये ट्रेनें अगले आदेश तक रद्द, देखिए लिस्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 30 नवंबर : मौसम बदलते ही प्रदेश के मैदानी इलाकों में कोहरा छाने लगा है। इसका असर ट्रेन सेवाओं पर भी पड़ा है। इस बीच एक जरूरी खबर कुमाऊं से सफर करने वाले लोगों के लिए भी है। यहां हल्द्वानी-काठगोदाम रेलवे स्टेशन से चलने वाली कुछ ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम रहती है, जिससे ट्रेनों का संचालन बाधित होता है। यही वजह है कि कुछ ट्रेनों का संचालन निरस्त किया गया है।

परेशानी से बचने के लिए रेलयात्री घर से निकलने से पहले ट्रेन का स्टेट्स जरूर चेक लें, जिससे आपको परेशानियों से दो-चार नहीं होना पड़ेगा। मैदानी इलाकों में घने कोहरे की आशंका को देखते हुए रेलवे के इज्जत नगर मंडल ने काठगोदाम हल्द्वानी स्टेशन से चलने वाली कुछ ट्रेनों को अग्रिम आदेशों तक निरस्त कर दिया है। रेलवे ने ट्रेनों के निरस्त होने की जानकारी पूर्व में साझा कर दी है, ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। अब उन ट्रेनों की लिस्ट भी देख लें, जिन्हें निरस्त किया गया है।

कानपुर-काठगोदाम गाड़ी संख्या 12209 दिनांक 5-12-2023 से 27-02-24 तक निरस्त रहेगी। इसी तरह काठगोदाम- कानपुर गाड़ी संख्या 12210 भी दिनांक 4-12-2023 से 25-02-24 तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा काठगोदाम से दिल्ली और दिल्ली से काठगोदाम के बीच चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15035/15036 दिसंबर माह में 2,5,7,9, 12, 14, 16 19, 21, 23, 26, 28, 30 को निरस्त रहेगी। यही ट्रेन जनवरी माह में 2,4,6,9,11,13,16,18,20,23,25,27, 30 को निरस्त रहेगी। फरवरी माह में 1,3,6,8,10,13,15,17,20,22,24,27,29 फरवरी को ट्रेन का संचालन नहीं होगा। ट्रेन के रद्द होने से रेल से सफर करने वाले यात्रियों की परेशानियां बढ़ सकती हैं। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन मास्टर चयन राय के मुताबिक ठंड के सीजन में घने कोहरे के कारण ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ता है। आने वाले दिनों में कोहरा और भी घना हो सकता है। इसे देखते हुए कुछ ट्रेनों का संचालन रद्द किया गया है।





## सिलक्यारा रेस्क्यू सफल होने पर की पूजा-अर्चना

नई टिहरी। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे 41 कर्मवीरों के 17 दिन बाद सकुशल बाहर निकालने पर बौराड़ी स्थित नव दुर्गा मंदिर में भाजपाइयों ने सुबह के वक्त पूजा-अर्चना की। साथ ही बाबा बौखनाग का आभार जताते हुए समन्वय से चलाये रेस्क्यू अभियान के लिए सरकार के बेहतर प्रयासों की सराहना की। पूजा-अर्चना के बाद टनल में फंसे 41 मजदूरों के सकुशल बाहर निकालने पर भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि पीएम मोदी ने रेस्क्यू को लेकर पूरी सजगता से अंतराष्ट्रीय स्तर तक की तकनीकी उपलब्ध कराई। सीएम धामी व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने रेस्क्यू स्थल पर डटकर रेस्क्यू कार्य में लगातार काम कर हरे एक्सपर्टों व कार्मिकों का जिस तरह से निरंतर उत्साहवर्धन किया। इससे आपदा को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की बेहतर रणनीत का परिणाम सुखद रूप में देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री राजेन्द्र जुयाल, उदय रावत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेन्द्र बेलवाल, खेम सिंह चौहान, जाखणीधार ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, मंडल अध्यक्ष नई टिहरी गोपीराम चमोली, सभासद विजय कठैत, शीशराम थपलियाल, राजेश डिंयूडी, जयेंद्र पंवार, विनीत उनियाल, छात्र संघ अध्यक्षयुवराज सिंह शाह, पंचम तोपवाल, प्रभू लाल सकलानी, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती उर्मिला राणा, लीला मखलोगा, पूर्व प्रमुख अनीता कंडियाल आदि मौजूद रहे।

## मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने काली पट्टी बांध दर्ज किया विरोध

नई टिहरी। 15वें दिन उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन ने काली पट्टी बांधकर सीएमओ कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग कर जनजागरण किया। इस मौके पर नारेबाजी करते हुए कर्मियों ने 21 सूत्रीय मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। बुधवार को उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज से जुड़े पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय के सामने जनजागरण गेट मीटिंग कर नारेबाजी करते हुए 21 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही की प्रदेश सरकार से मांग की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर जल्दी ही गौर नहीं करती है, तो एसोसियेशन आंदोलन की रणनीति तेज करेगा। जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। एसोसियेशन की मांग है कि कनिष्ठ सहायक के पद लेवल चार में 25500-81100 अनुमन्य किया जाय। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के वर्तमान कुल स्वीकृत 6 प्रतिशत पदों में से 03 प्रतिशत पदों को उच्चीकृत कर उपनिदेशक प्रशासक एवं प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी लेबल 67700-208700 किया जाय।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडिय़ों से मांगे आवेदन

नई टिहरी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाडियों को नौकरी देने के लिए जिला खेल विभाग की ओर से आवेदन मांगे गए हैं। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी ऋ्तु जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड सरकार के आउट ऑफ टर्न के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाडियों को नौकरी देने के लिए 18 दिसंबर तक आवेदन पत्र मांगे हैं। उन्होंने इच्छुक खिलाडियों से निर्धारित तिथि तक जिला खेल विभाग कार्यालय नरेंद्रनगर में आवेदन जमा करने को कहा है।

## पीएम ग्राम सडक़ योजनाओं के कार्यों को जल्द करे पूरा

पौड़ी। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत गतिमान और लंबित सडक़ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम ने पीएमजीएसवाई के अफसरों को सडक़ निर्माण और ब्रिज निर्माण के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि इन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में डीएम डा.आशीष चौहान ने कहा कि पीएमजीएसवाई की जो सडक़ें जिसके निर्माण के 5 साल पूरे हो चुके हैं और वे लोनिवि को हस्तांतरित होनी है उनका जल्द ही संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई अरुण बहुगुणा, वीरेंद्र दत्त जोशी आदि शामिल रहे।

## देव कृपा और सभी सहयोग से रेस्क्यू रहा सफल : अग्रवाल

नई टिहरी। कैबिनेट और टिहरी के प्रभारी मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल के चिन्यालीसौड़ से लौटने पर चंबा में भाजपा कार्यकर्ताओं से उनका स्वागत कर श्रमिकों के सकुशल बाहर निकलने पर बधाई दी। सफल रेस्क्यू के लिए मंत्री अग्रवाल ने आराध्य देवता बौखनाग सहित सभी के सहयोग के लिए आभार जताया। बुधवार को चंबा बाजार में स्वागत के दौरान प्रभारी मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि सभी 41 श्रमिक सकुशल हैं। उनका स्वास्थ्य बेहतर है। कहा कि श्रमिकों द्वारा 17 दिन तक धैर्य धारण करना हिम्मत की बात है, जिसके लिए श्रमिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही राज्य की पुष्कर सिंह धामी जी की सरकार को भी साधुवाद दिया। प्रभारी मंत्री डा अग्रवाल ने बताया कि वह स्वयं प्रभारी मंत्री होने के नाते उत्तरकाशी में ही कैंप किए हुए थे। प्रभारी मंत्री ने श्रमिकों से बातचीत के दौरान उनके 17 दिनों के अनुभव भी साझा हुए। उन्होंने कहा कि मुश्किल दौर में वह तमाम साथी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने अपना-अपना योगदान श्रमिकों के सकुशल बाहर निकलने में दिया। प्रभारी मंत्री ने बताया कि श्रमिकों से देर रात्रि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ऑडियो के जरिए वार्ता की। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री का विशेष आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंबा संदीप रावत, सुशील बहुगुणा, महामंत्री सुधीर बहुगुणा, विक्रम राणा, कुशालानंद रणाकोटी, सभासद विक्रम चौहान, कृष्ण कोठारी, रानी नेगी, अनिता कोठारी, रविंद्र चौहान, वीरेंद्र सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## कंडोलिया खेल मैदान में ब्लाकस्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन

पौड़ी। कंडोलिया खेल मैदान में ब्लाकस्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। महाकुंभ के तहत दौड़, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुधवार को कंडोलिया मैदान में ब्लाकस्तरीय खेल महाकुंभ शुरू हो गया। पहले दिन अंडर 17 बालिका वर्ग की 3 हजार मी दौड़ में खुशबू ने पहला, महक नेगी ने दूसरा व हिमानी ने तीसरा स्थान पाया। बालक वर्ग में धर्मेश जवाड़ी पहले, अनिकेत दूसरे व अंकित सिंह तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 14 बालिका लंबीकूद में तानिया रावत पहले, कोमल दूसरे, अर्चना नेगी तीसरे, अंडर 17 बालक 100 मी दौड़ में शौर्य रौथाण ने पहला, करण ने दूसरा, अश्विन ने तीसरा, बालिका वर्ग में रेशमा ने पहला, सोनाक्षी ने दूसरा, दीपिका ने तीसरा स्थान पाया। अंडर 14 बालक के 60 मी में वेदांश ने पहला, दीपक रावत ने दूसरा व प्रवीन रावत ने तीसरा, बालिका में याचिका पहले, कोमल दूसरे व दीपांशी तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 14 बालिका के 600 मी में दीपांशी पहले, चांदनी दूसरे, बबीता तीसरे, बालक वर्ग में ऋषभ ने पहला, नमन ने दूसरा व आशुतोष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख दीपक कुकशाल ने किया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# चीन में फैली जानलेवा बीमारी, उत्तराखंड में अलर्ट जारी, बच्चों का रखें ध्यान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 30 नवंबर : चीन में एक बार फिर रहस्यमयी बीमारी ने दस्तक दी है। यहां छोटे बच्चों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू फैल रहा है। जिसके चलते दूसरे देशों की चिंता बढ़ी है। उत्तराखंड में भी स्वास्थ्य विभाग ने निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी डीएम और सीएमओ को जिला स्तर पर निगरानी रखने के दिशा-निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि बच्चों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों पर नजर रखी जाए।

साथ ही अस्पतालों में ऑक्सीजन, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि राज्य में अभी तक बच्चों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू का कोई मामला नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी जिलों को अस्पतालों में विशेष निगरानी रखने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है।सभी जिलों में निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू रोगियों के उपचार के लिए आइसोलेशन बेड, वार्ड, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था करने को कहा गया है।

इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले रोगियों की सघन निगरानी कर जानकारी केंद्र सरकार के एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल पर भेजी जाएगी। लक्षणों से ग्रसित रोगियों के नाक व गले का स्वैब जांच के लिए निकटवर्ती मेडिकल कॉलेज में भेजा जाएगा। रैपिड रेस्पांस टीम को इन्फ्लूएंजा और निमोनिया रोग से होने वाली किसी भी असामान्य स्थिति की निरंतर मॉनिटरिंग व नियंत्रण के लिए निर्देश दिए गए हैं। आप भी अपने स्तर पर सावधानी बरतें। बच्चों एवं बुजुर्गों व किसी अन्य गंभीर रोग से ग्रसित लोगों का ध्यान रखें। छींकते-खांसते समय रुमाल या टिश्यू से नाक और मुंह को ढकें। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें। साबुन से हाथ अच्छी तरह धोएं। बीमारी के लक्षण होने पर डॉक्टर से चेकअप कराएं और परामर्श पर दवाएं लें।







# उत्तराखंड : यहां गुलदार की वजह से घरों में कैद रहने को मजबूर लोग

न्यूज वायरस नेटवर्क

नैनीताल 30 नवंबर : नैनीताल के गर्म पानी क्षेत्र में गुलदार की दहशत से कर्फ्यू जैसे हालात बने हुए हैं। बीते दिनों यहां गुलदार ने एक युवक को मार दिया था। तब से क्षेत्र के लोग डरे हुए हैं। दुकानदार शाम होने से पहले ही दुकानें बंद कर देते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों को उठानी पड़ रही है। स्कूलों ने अभिभावकों से कहा है कि वो बच्चों को अपनी निगरानी में स्कूल लाएं। गांव की गलियां सूनी हो गई हैं और लोग अपने-अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं। मामला अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित काकड़ीघाट का है। जहां शाम होने से पहले ही मुख्य बाजार बंद हो जाता है।

दुकानदार घरों को लौट जाते हैं। गांवों से खरीदारी को पहुंचने वाले ग्रामीणों की संख्या भी कम हो गई है। शिक्षा विभाग ने भी अभिभावकों से बच्चों को निगरानी में विद्यालय पहुंचने की अपील की है। स्थानीय लोग गुलदार की लगातार बढ़ रही आवाजाही से चिंतित हैं। डरे हुए लोगों ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाने को कहा है, ताकि गुलदार को पकड़ा जा सके।बीते दिनों यहां





सड़का गांव के एक युवक को गुलदार ने मार दिया था। तब से बेखौफ गुलदार दोपहर में ही हाईवे से सटे इलाकों में दिखने लगा है। मुख्य बाजार क्षेत्र में गुलदार की दहशत की वजह से सन्नाटा पसरा है। शिक्षा विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को देख अभिभावकों से विशेष अपील की है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर जल्द ही गुलदार को पकड़ा नहीं गया तो कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की।

# जोशीमठ में खेल महाकुंभ में छात्रों ने दिखाया दमखम

चमोली। जोशीमठ खेल मैदान में युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में तीन दिनों तक चलने वाले खेल महाकुंभ के दूसरे दिन रविग्राम मैदान में युवाओं एवं छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा से सभी का मन मोहा। युवा कल्याण अधिकारी सुबोध चन्द ने बताया कि तीन दिनों तक रविग्राम खेल मैदान में अंडर 14, अंडर 17 व अंडर 19 उम्र वर्ग में खेल प्रतियोगिताओं का बालक एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को 17 आयु वर्ग के बालक 3000 मी. दौड़ में अंकित जीआईसी जोशीमठ प्रथम, तनिष्क राणा ,रविग्राम द्वितीय रहे। 300 बालिका दौड़ में रबीना जीआईसी लंगसी प्रथम, कुसुम जीआईसी पांडुकेश्वर द्वितीय रहे। गोला फेंक बालक वर्ग में यश रविग्राम प्रथम, शिवराज जीआईसी जोशीमठ द्वितीय, गोला फेंक बालिका में भूमिका जीजीआईसी जोशीमठ प्रथम, निंकुज जीआईसी बडागांव द्वितीय, बालीबाल बालक जीएमसी रविग्राम प्रथम व रविग्राम द्वितीय रहे। अंडर 14 वर्ग की 60 मी. बालिका दौड़ में एमजी विद्यालय की अवनी प्रथम व राबाइंका की कृतिका कंडारी द्वितीय आई। वहीं बालक वर्ग में प्रणवानन्द विद्यालय के नवल भंडारी प्रथम व जीआईसी तपोवन के आर्यन द्वितीय रहे। 600 मी. दौड़ में जीजीआईसी की संजना प्रथम और जीआईसी पांडुकेश्वर की प्रिति द्वितीय रही। बालक वर्ग में प्रणवानन्द विद्यालय के नवल प्रथम और राजूहा स्कूल पैनी के अखिलेश नौटियाल द्वितीय रहे। उद्घाटन के अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि क्षे. प्रमुख हरीश परमार ने सरकार से रविग्राम खेल मैदान को खेल स्टेडियम का रूप देते हुए विकसित करने की मांग की। मौके पर प्रमुख हरीश परमार ,बीडीओ मोहन प्रकाश जोशी, डा. कैलाश, युवा कल्याण अधिकारी सुबोध चन्द, प्रधान महावीर पंवार, युवा खेल समिति के अध्यक्ष शौरभ राणा, सभासद समीर डिमरी, ललित थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने डिजिटल रथों को रवाना किया

चमोली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने कलक्ट्रेट परिसर से डिजिटल प्रचार वाहनों को विकासखंड पोखरी, नारायणबगड़ और जोशीमठ ब्लॉक के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा का मकसद केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना और पात्र लोगों को योजनाओं से आच्छादित करना है। यात्रा के सफल संचालन को लेकर जिले से लेकर ब्लाक, न्याय पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर तक अफसरों की जिम्मेदारी दी गई है। जनपद चमोली में विकसित भारत यात्रा 23 नवंबर से शुरू की गई, जो आगामी 26 जनवरी तक संचालित की जाएगी। रथ यात्रा के जरिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में महत्वपूर्ण जानकारी एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल रथ जनपद के सभी 610 ग्राम पंचायत का भ्रमण करेंगे। जनपद की सभी 39 न्याय पंचायतों में स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय शिविर लगाए जाएंगे। रथ यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य सरकारी की योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए मौके पर ही उनका आवेदन लेकर लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य जगदंबा सहित रेखीय विभागों के तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यक्ति की पहचान में माता-पिता का अहम योगदान

विकासनगर। डाकपत्थर स्थित सेंट मैरी स्कूल में बुधवार को अभिभावक दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने माता-पिता के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ ही जीवन में माता-पिता की छांव के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम शुरू होने के बाद छात्राओं ने माता पिता को समर्पित गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य सिस्टर अंशु ने छात्रों को बताया कि माता-पिता को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। किसी भी व्यक्ति के पहचान में उसके माता-पिता का अहम योगदान होता है। पहले से ही माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना हमारी संस्कृति रही है। माता-पिता बनना एक बहुत ही सुखद अनुभव है। लेकिन जितना आसान दिखता है उतना है नहीं। बच्चे के जन्म लेने से पहले से ही माता-पिता को न जाने कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्रों ने द हैप्पी प्रिंस नाटक के माध्यम से बताया कि दुनिया में खुशी उसी व्यक्ति को मिलती है जो दूसरों की मदद के लिए तैयार रहता है। नौनिहालों ने गीत के माध्यम से बच्चों को भगवान के समान मानने का संदेश दिया।

### मजदूरों के सकुशल सुरंग से बाहर निकलने पर किया हवन पूजन

विकासनगर। उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों के सकुशल बाहर निकलने पर पछुवादून में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में हवन पूजन किया। भाजपाइयों ने रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल बनाने में योगदान देने वाली सभी संस्थाओं की मेहनत को सलाम किया। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर और भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून ग्रामीण अध्यक्ष मीता सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों सेलाकुई स्थित गोगामेड़ी मंदिर परिसर (ज्वाला माता मंदिर) में पूजा अर्चना एवं हवन किया। विधायक ने कहा कि हवन का आयोजन ईश्वर का धन्यवाद करने, श्रमिकों के स्वास्थ्य लाभ हेतु और प्रदेश की खुशहाली हेतु किया गया है। कहा कि अथक प्रयासों के बाद श्रमिक भाई टनल से सुरक्षित बाहर निकल गए हैं। कहा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में निरंतर उत्तम तकनीक, अत्याधुनिक उपकरण की उपलब्धता से सकारात्मक परिस्थिति बन पाई। कहा, सिलक्यारा रेस्क्यू कार्य हेतु सम्पूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन टीम, केंद्र और राज्य के समस्त संबंधित अधिकारी व कर्मचारी का पूरा उत्तराखंड हार्दिक अभिनंदन करता है। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, जिला मंत्री नवीन रावत, सुद्धोवाला मण्डल अध्यक्ष पिंकी देवी, अनिल नौटियाल, वीरता गुरुंग, विजय बत्वाल आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर भाजपा हरबर्टपुर मंडल कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के सकुशल सुरंग से बाहर निकलने की खुशी में देहरादून रोड स्थित शिव मंदिर पूजा अर्चना की। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत ने कहा कि इस रेस्क्यू ऑपरेशन पर पूरी दुनिया की नजर थी। सभी मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने पर भारत के नागरिकों ने साथ ही दुनियाभर के लोगों में खुशी का माहौल है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विनोद कश्यप, मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, ऋषभ अग्रवाल, राहुल शर्मा, राकेश अमोली, दिनेश कौशिक, नरेश कन्नौजिया, अमन गर्ग, हेमंत गुप्ता, प्रमोद रोहिला, सचिन गुप्ता, मुदित बंसल, सभासद नीरज थापा, रोहित गुप्ता, अंकुर गोयल आदि मौजूद रहे

### तहसीलदार ने दिए मार्गों पर गड्ढे शीघ्र भरने के अधिकारियों को निर्देश

विकासनगर। जिला अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी तहसीलदार ने क्षेत्र के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग सडकों का निरीक्षण कर जल्द गड्ढा मुक्त सडक बनाने के निर्देश दिए। प्रभारी तहसीलदार ग्यार दत्त जोशी ने बुधवार को जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग सनैल से फेडिज पुल तक स्थलीय निरीक्षण किया।

प्रभारी तहसीलदार ने बताया जेपीआरआर में फेडिज से अटाल के बीच हेडसू के आसपास प्लासू ढाढू खंड के पास सडक में अभी भी गड्ढे हैं। आराकोट के पास बरसात से अभी तक सडक ठीक नहीं हुई। जिसे मौके पर इंजीनियर को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए गए।वही जौनसार बावर क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग सडक त्यूणी चकराता मंसूरी, त्यूणी से कोटी कनासर 41 किलोमीटर तक सडक का एनएच डिवीजन डोईवाला के अधिकरियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। कोटी त्यूणी कचाणू धार, रोहटा खंड सावडा भंदरौली के बीच अभी भी सडक पर गड्ढे हैं। जिन्हें शीघ्र भरने के निर्देश दिए गए। तहसील प्रशासन के लगातार साइड निरिक्षण करने के बाद एनएच डोईवाला डिवीजन को त्यूणी चकराता रोड पर गड्ढे भरने के लिए जेसीबी मशीन लगानी पड़ी। इस मौके पर सहायक अभियंता अमित वर्मा, अपर सहायक अभियंता प्रशान्त, राजस्व उप निरीक्षक नाग चन्द आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : यहां होम स्टे के जरिए युवा कर रहे है शानदार कमाई



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पिथौरागढ़ 30 नवंबर : कभी पलायन से ग्रसित रहे उत्तराखंड में अब तस्वीर बदलने लगी है। खासकर यहां के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में युवाओं ने गांव छोड़कर शहर जाने के बजाय क्षेत्र में रहकर ही रोजगार के साधन जुटाने का हुनर सीख लिया है। यहां के युवाओं का होम स्टे में रुझान बढ़ रहा है।

सरकार की ओर से भी मदद दी जा रही है। जिसका असर ये है कि जिले के 8 विकासखंडों में 714 होम स्टे संचालित हो रहे हैं। मुनस्यारी, धारचूला, बेड़ीनाग में लोगों का रुझान होम स्टे की ओर बढ़ा है। सबसे ज्यादा 492 होम स्टे धारचूला में हैं। इसी तरह मुनस्यारी में 94 होम स्टे हैं। बेड़ीनाग में 56, विण में 25, मूनाकोट में 20, गंगोलीहाट में 10, कनालीछीना में 14 और डीडीहाट में तीन होम स्टे बनाए गए हैं। यहां व्यास और दारमा घाटी में ग्रामीण होम स्टे से अच्छी आय कर रहे हैं। उनकी संस्कृति, रहन-सहन का भी प्रचार-प्रसार हो रहा है। केवल दारमा घाटी की ही बात करें तो यहां 335 होम स्टे बने हैं। नागलिंग में 50, बौन में 49 समेत 15 गांवों में होम स्टे बने हैं। व्यास घाटी के सात गांवों में 88 होम स्टे हैं। चौदास घाटी में 56 और धारचूला देहात में 13 होम स्टे बनाए गए हैं। पर्यटन विकास अधिकारी, पिथौरागढ़ कीर्ति आर्या ने कहा कि आधिकारिक लोगों को होम स्टे योजना का लाभ उठाने को प्रेरित किया जा रहा है। होम स्टे बनाने के लिए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। सिर्फ पिथौरागढ़ ही नहीं दूसरे जिलों में भी होम स्टे की बदौलत युवाओं को रोजगार मिला है। साल 2018-19 में उत्तराखंड के सभी जिलों में होम स्टे की संख्या 965 थी, जो वर्तमान में बढ़कर करीब चार हजार हो गई है।

# चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मुख्यमंत्री ने जाना टनल में फंसे श्रमिकों का हाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ में प्रारंभिक जांच हेतु भर्ती सिलक्यारा टनल से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हाल-चाल जानने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टनल से रेस्क्यू किए प्रत्येक श्रमिक को ? 1- 1 लाख की सहायता राशि के चेक प्रदान करने के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दौर में पाइप पुशिंग हेतु रैट माइनिंग तकनीक से मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हज़ार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में भर्ती प्रत्येक श्रमिक से उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ लाभ, चिकित्सा उपचार के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का भी जायज़ा लिया। उन्होंने श्रमिकों के हौसलो की सराहना की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों में से टनकपुर, चंपावत के पुष्कर की माता से मोबाइल पर बात कर, पुष्कर के बारे में जानकारी दी और कहा कि सभी श्रमिकों को कुशल बचाकर राज्य सरकार ने अपना वचन निभाया है। मुख्यमंत्री ने पुष्कर की माता को बताया कि पुष्कर के साथ ही सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। जल्द ही हायर सेंटर में जांच करवाने के उपरांत पुष्कर सहित अन्य श्रमिकों को उनके घर भेज दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने श्रमिकों के साहस, मनोबल और परिजनों के धैर्य के साथ ही रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी एजेंसियों व कार्मिकों की अनथक मेहनत को इस अभियान की सफलता का आधार बताया।धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के अभियान पर निरंतर नजर रखे हुए थे और वह श्रमिकों की कुशलता को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में श्रमिकों के अनमोल जीवन को बचाने की सरकार की वचनबद्धता और परिजनों के साथ ही जनता द्वारा जताए गए अटूट विश्वास ने इस बेहद जटिल , चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे बचाव अभियान को कामयाब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग हादसे के चलते हम सब इस बार दीपावली नहीं मना पाए थे, अब सभी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिए जाने के बाद आज दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के परिजनों को देहरादून मुख्यमंत्री आवास में दिवाली मनाने हेतु आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर बताया गया कि प्रारंभिक चिकित्सकीय जांच में सभी श्रमिक ठीक पाए गए हैं। एहतियात के तौर पर उच्च चिकित्सकीय परीक्षण हेतु इन श्रमिकों को हायर सेंटर भेजा जाएगा। इस दौरान कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# घन बनाना होगा अब पहले से ज्यादा महंगा

देहरादून। अपना मकान बनाने वाले लोगों को महंगाई का झटका लगने जा रहा है। घन बनान अब पहले से ज्यादा महंगा हो गया है। रेत-बजरी के मनमाने दामों का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। दरअसल, शहर में सालभर से रेत-बजरी 30 से 40 फीसदी अधिक कीमतों पर मिल रही है। सीमेंट और डस्ट के दाम भी हाल ही में बढ़े थे। वहीं, लेबर कॉस्ट में भी 100 रुपये रोजाना की बढ़ोतरी हुई है। नतीजतन, शहर में भवन निर्माण की लागत 10 फीसदी तक बढ़ गई है। देहरादून क्षेत्र की नदियों में कुछ समय पहले तक खनन बंद था। हाल ही में सौंग, जाखन और दूसरी नदियों में खनन शुरू हुआ, लेकिन उप खनिज की कीमतें कम नहीं हुई। शहर में क्रशर नहीं होने से हिमाचल और यमुना नदी की रेत बजरी की डिमांड ज्यादा है। ठेकेदारों को हिमाचल से उप खनिज मंगवाना पड़ रहा है। कांट्रेक्टर प्रकाश जायसवाल ने बताया कि वर्तमान समय में रेत-बजरी 140 रुपये कुंतल तक है, यह पूर्व में 90 रुपये कुंतल तक थी। उन्होंने बताया कि इससे ठेकेदारों को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि तीन महीने पहले सीमेंट 20 रुपये प्रति बैग महंगा हुआ था। प्रति हजार ईंटें भी बढ़कर 7500 से अधिक की हो गई थी।

**20 लाख रुपये का मकान 22 लाख में बन रहा :** देहरादून में भवनों की लागत 10 फीसदी तक बढ़ गई है। कॉन्ट्रेक्टर प्रशांत ने बताया कि एक साल पहले 100 गज में यदि कोई घर 20 लाख में बनकर तैयार हो जाता था, वह आज 21.50 लाख से 22 लाख रुपये तक पड़ रहा है। ऐसे ही 50 लाख रुपये के मकान की लागत पांच लाख रुपये तक बढ़ गई है।

**लेबर कॉस्ट भी सौ रुपये तक बढ़ गई:** महंगाई के दौर में भवन निर्माण में लगे मजदूरों ने भी अपना महनताना बढ़ाया है। भवनों की लागत पर इसका भी असर है। करीब दो महीने पहले भवन निर्माण में लगे मजदूर 500 रुपये रोजाना के हिसाब से दिहाड़ी लेते थे। वर्तमान में यह 600 रुपये तक दिहाड़ी हो गई है। इसी प्रकार मिस्त्री की दिहाड़ी 650 से बढ़कर 750 रुपये रोजाना हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन से कुचलकर बुजुर्ग की मौत में मुकदमा

रुडकी। खानपुर ब्रहमपुर के 70 वर्षीय बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। वाहन के नीचे कुचले जाने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव अपने गांव लाए और अंतिम संस्कार किया। मृतक के बेटे ने कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भिक्कमपुर चौकी क्षेत्र के खानपुर ब्रह्मपुर गांव निवासी ऋषिपाल (70 वर्ष) पुत्र हरिराम पास में पथरी थाने के शाहपुर अड्डे पर दुकान करते हैं। मंगलवार शाम वे दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। फतवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और उन्हें कुचलते हुए फरार हो गया।

### बैंक में सेंधमारी का एक आरोपी गिरफ्तार

रुडकी। पुलिस ने बैंक में सेंधमारी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे पुलिस ने कुछ सामान बरामद किया है। शशिकांत निवासी लाल कुर्ती ने पंजाब नेशनल बैंक शाखा की दीवार तोडकर बैंक के कैश सेफ और लॉकर में तोडफ़ोड़ कर चोरी का प्रयास किया गया था। सौरभ को गौतम फार्म हाउस ढंडेरा से पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने बताया कि साथी मंटू निवासी ढंडेरा के साथ मिलकर रुडकी क्षेत्र में पूर्व में भी आंगनबाड़ी केंद्र मोहम्मदपुर मोहनपुरा से समान चोरी किया था।

### एनसीसी कैंप में छात्रों को दिया प्रशिक्षण

रुडकी। आईआईटी परिसर में एनसीसी कैंप के दौरान छात्रों को गैस लीकेज से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्रों को बचाव और सुरक्षा के टिप्स दिए गए। बताया गया कि यदि घरेलू और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गैस लीकेज से आग लग जाए तो उसको कैसे बुझाया जाए।

### ग्रामीणों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

रुडकी। विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को ग्राम पंचायत करौंदी और माधोपुर पंहुची। इस दौरान आयोजित शिविर में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। कायर्क्रम में जनपद के कई विभाग के अधिकारी ने लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली गई।

### ट्राली पर रिफ्लेक्टर नहीं होने से बढ़ रही सडक़ दुर्घटनाएं

रुडकी। हाईवे से होकर चीनी मिल में जाने वाले गन्ने से लदे वाहन चालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इन वाहन चालकों की लापरवाही से दूसरों की जान सडक़ हादसे में जा रही है। ज्यादातर इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर नहीं है। ऐसे में गन्ना सीजन में सडक़ हादसे बढ़ जाते हैं। गन्ना सीजन में हाईवे पर गन्ना लदे वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। नारसन बॉर्डर से लेकर मंगलौर तक हाईवे डेंजर जोन बन जाता है। इसका एक बड़ा कारण गन्ना लदे ओवरलोड वाहन और उनके पीछे बैक लाइट या रिफ्लेक्टर नहीं होना है। खासकर कोहरे में पीछे से आने वाले वाहनों को आगे चल रहा वाहन नजर नहीं आता।

### इंटरनेशनल कॉम्बैट गेम्स के लिए सपना और हर्षिता का चयन

ऋषिकेश। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में १ से ४ दिसंबर को होने वाली तृतीय इंटरनेशनल कॉम्बैट गेम्स के लिए भानियावाला के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। नेशनल कराटे एकेडमी भानियावाला की सपना और हर्षिता चौधरी प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्गों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। नेशनल कराटे एकेडमी उत्तराखंड की प्रदेश महासचिव प्रज्ञा जोशी ने बताया कि नेशनल मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी इंडिया द्वारा नई दिल्ली में १ से ४ दिसंबर तक इंटरनेशनल कॉम्बैट गेम्स २०२ आयोजित होने हैं। इसमें भानियावाला से दो खिलाड़ी सपना और हर्षिता चौधरी का चयन हुआ है। दोनों ही राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। एशियाई खिलाड़ी प्रज्ञा जोशी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में ८ देशों के खिलाडियों भाग लेंगे। दोनों खिलाडियों के चयन पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सूद, नरेंद्र सिंह नेगी, सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्धिकी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आरती सैनी, निलेश जोशी आदि ने खुशी जताई।

# टालमटोल की आदत से रिश्ते बिगड़ते हैं, रिसर्च


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 नवंबर : टालमटोल की आदत से लोगों के रिश्ते बिगड़ रहे हैं। नींद प्रभावित हो रही है। ऐसे लोग अकेला महसूस करते हैं। अवसाद का शिकार हो रहे हैं। स्टाकहोम सहित अन्य 8 यूनिवर्सिटी के छात्रों पर हुए एक शोध में हाल ही यह बातें सामने आई है। शोध के मुताबिक, यूनिवर्सिटी छात्रों के पास स्वतंत्रता बहुत है, लेकिन टालमटोल करने की आदत के चलते 50% छात्रों की शिक्षा प्रभावित होती है। यह आदत अक्सर एक अच्छे इंसान के व्यक्तित्व और उसके जिन्दगी की कामयाबियों को खत्म कर देती है।



एक अन्य शोध में सामने आया कि टालमटोल की आदत से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। जो लोग टालमटोल करते हैं उनमें उच्च स्तर का तनाव होने का जोखिम ज्यादा होता है। इससे आत्मविश्वास में भी कमी होती है।जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित इस अध्ययन के लिए 3,525 छात्रों में से 2,587 से नौ माह तक सवालों का उत्तर पूछा गया। इसके जवाब देते समय कई स्वास्थ्य संबंधी जांचे भी की गई। इस दौरान सामने आया कि टालमटोल करने वाले छात्रों के कंधे बाहों में दर्द, खराब नींद की गुणवत्ता, अधिक अकेलापन, और अधिक वित्तीय कठिनाइयों की अधिक संभावना रही। हालांकि अच्छी बात को सुधारा भी जा सकता है। दिनचर्या में छोटे बदलावों का भी बड़ा असर होता है। जैसे कुछ समय मोबाइल बंद कर अपने आप को समय देना। स्वयं के लिए समय निकालना। इसके पीछे की वजह तलाश करना कि आप टालमटोल क्यों कर रहे हैं।

## संपादकीय



## 'चूहों' ने बचाई जिंदगियां

शब्दों के अभिधा रूप में मत जाइए। भगवान गणेश के वाहन भी 'मूषक' हैं। उनकी शारीरिक बनावट और क्षमता प्रतीकात्मक है। इसी संदर्भ में सोचिए कि सुरंग के भीतर कठोर मलबे को उन्होंने चूहों की तरह कुतर-कुतर कर रास्ता बना दिया। नतीजतन सुरंग में 17 दिनों से फंसे मजदूरों को 'नई जिंदगी' मिली। यकीनन 'चूहा होल खनिक' उन मजदूरों और उनके परिवारों के लिए 'देवदूत' बनकर आए। शायद नियति यही तय होगी। अलबत्ता 'राष्ट्रीय हरित अभिकरण' सरीखे पर्यावरण के रखवालों ने इन चूहों के खनन पर पाबंदी लगा रखी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक मशीन का इस्तेमाल किया गया। वह बार-बार टूटती रही। अंततः उसके टुकड़े ही मलबे में फंस गए। नाकामी का एहसास गहराने लगा था, लेकिन सामने 41 जिंदगियों का सवाल था। पचासियों ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने कई योजनाएं बनाईं। उन दिशाओं में भी खुदाई शुरू की गई। पहाड़ के ऊपर से भी ड्रिलिंग की गई और करीब 45 मीटर का रास्ता भी सामने खुलने लगा। सवाल, चिंताएं और सरोकार 41 मजदूरों की जिंदगियों और परिवारों से जुड़े थे। सुरंग बनाने की तकनीक और उनकी उपयोगिता तथा उनसे जुड़े जोखिम भी थे। यदि उत्तराखंड का यह हादसा, भगवान ऐसा क्यों करते, त्रासदियों में बदल जाता, तो भारत के विकास और प्रौद्योगिकी की साख पर थू-थू की जाती। मानवाधिकार के सवाल भी किए जाते और राजनीतिक विरोध के साथ-साथ जन-आंदोलन भी शक्ल अख्तियार करने लगते। पहाड़ों को तोडने, चीरने-फाडने और नतीजतन भू-स्खलन और बाढ़ जैसे प्रलयों को लेकर भी सवाल उठाए जाते। भारत की प्रतिष्ठा कई कोणों से दांव पर थी। हालांकि ये सवाल आज भी जिंदा हैं, क्योंकि खासकर सुरंग जैसी परियोजनाओं की सुरक्षा को लेकर हमारी सरकारें और व्यवस्थाएं गंभीर नहीं हैं। हालांकि कई बेहद मजबूत सुरंगें भी हमारे देश में हैं। उनके नीचे से रेलगाडियां गुजरती हैं। राजमार्ग खुलते हैं। सेनाएं गुजरती हैं। बहरहाल उस अनिश्चित माहौल में 12 'मानवीय चूहों' की मदद ली गई। बुनियादी रूप से ये 'रैट होल माइनर्स' भी मजदूर हैं और बहुत गरीब परिवारों से आते हैं। वे बेशकीमती खनिजों की खदानों के खौफनाक माहौल में कुतर-कुतर काम करते हैं और देश के संसाधनों को 'वैभव' प्रदान करते हैं, लेकिन खनन माफिया उन जोखिमों का मेहनताना भी बहुत कम देता है। यहां भी शोषण जारी रहता है, जबकि 'चूहा-खनन' करते हुए कई हादसे भी हुए हैं। खनिकों को जान गंवानी पड़ी है, लेकिन उनके मुआवजे भी 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान रहे हैं। पाबंदी के बावजूद यह 'चूहा-बल' पूर्वोत्तर राज्यों में अक्सर काम करता है। इसके अलावा अफ्रीका, दक्षिण अमरीका, एशिया के कई देशों और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देश में भी सक्रिय काम कर रहे हैं। वे कोयला खदानों में भी कुतर-कुतर कर कोयला जैसा ईंधन निकालते हैं। उनके लिए पर्याप्त कायदे-कानून और श्रम-नियम भारत में भी नहीं हैं। बहरहाल हम सिलक्यारा सुरंग प्रकरण में एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रबंधन, सेना, रेलवे, ओएनजीसी, आईटीबीपी, तीन देशों के 10 विदेशी विशेषज्ञों आदि के मूल्यवान प्रयासों को कमतर नहीं आंक रहे हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## दिल्ली के पैसे ऐंठकर गजरौला का टिकट थमाने पर परिचालक निलंबित

चम्पावत। लोहाघाट डिपो के परिचालक की ओर से चार सवारियों से दिल्ली के पैसे वसूलने और गजरौला का टिकट थमाने के आरोप पर एजीएम ने परिचालक को निलंबित कर दिया है और चालक को ऑफ रोड किया। लोहाघाट डिपो से 27 नवंबर को दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस संख्या यूके 04पीए 2811 दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। जिसमें चार बुजुर्ग महिलाएं भी बैठी थी। रोडवेज बस परिचालक ने बुजुर्ग महिलाओं से दिल्ली के टिकट के पूरे पैसे लेकर गजरौला का टिकट थमा दिया। जिसमें रोडवेज परिचालक ने महिलाओं को गंतव्य स्थान पर न उतारकर रात के करीब ढाई बजे विजयनगर बाईपास में उतार दिया। रिश्तेदारों के पता चला चलने पर वह महिलाओं को बाईपास पर लेने गए और रोडवेज परिचालक की हरकतों पर नाराजगी जताई। उन्होंने महिलाओं के टिकट चैक किए और पाया कि उनसे दिल्ली के पूरे पैसे वसूले गए हैं, जबकि टिकट केवल गजरौला का ही दिया है। उत्तरांचल सदस्य एवं जन कल्याण समिति नंदग्राम के महासचिव श्याम सिंह बिष्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी शिकायत उत्तराखंड के सीमए पुष्कर सिंह धामी और एजीएम से की। परिचालक पर शराब पीने का भी आरोप लगाया था। मामले का संज्ञान लेकर एजीएम नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जांच के बाद आरोप सत्य पाए गए हैं। परिचालक ने सवारियों से दिल्ली के पैसे लेकर गजरौला का टिकट दिया है। गौतम ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए परिचालक राजेन्द्र सिंह रावत को निलंबित कर दिया है और चालक अतुल कुमार को ऑफ रोड कर दिया गया है।

## भाजपा ने मजदूरों की सकुशल घर वापसी पर गोलज्यू मंदिर में पूजा की

चम्पावत। सुरंग से मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोलज्यू मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महारा के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। मजदूरों की सकुशल घर वापसी को देवी देवताओं के आशीर्वाद और राज्य और केंद्र के कुशल नेतृत्व को श्रेय दिया । निर्मल महारा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी मजदूरों को निकालने के लिए लगातार कार्य कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी जी लगातार नजर बनाए हुए थे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, श्याम पांडे, हरीश जोशी, नंदन तड़ागी, मणिप्रभा तिवारी, आनंद अधिकारी सुमित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल वैन से दी कानूनी जानकारी

पिथौरागढ़। जनपद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने आमजन को मोबाइल वैन के जरिए विधिक जानकारी दी। बुधवार को विधिक टीम ने धारचूला से लेकर जिला मुख्यालय के बीच विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने लोगों को भरण-पोषण अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, बालश्रम आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही आगामी नौ दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताते हुए लाभ उठाने को कहा। सचिव विभा यादव ने बताया कि बीते रोज भी टीम ने थल, डीडीहाट, जौलजीबी, बलुवाकोट क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया।

### बाल मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

पिथौरागढ़। नगर के रामलीला सदर में पालिका की ओर से आयोजित बाल मेले में दूसरे दिन स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ ईओ राजदेव जायसी ने किया। बाद में बच्चों के बीच मेहंदी, गायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता को लेकर बच्चे खासा उत्साहित नजर आए।

### एसटी बालकों का विशेष खेल प्रशिक्षण संपन्न

पिथौरागढ़। खेल विभाग की ओर से अनुसूचित जनजाति के ओपन बालक वर्ग का सात दिवसीय एथलेटिक्स जिला स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। बुधवार को धारचूला के जवाहर सिंह नबियाल स्टेडियम और मुनस्यारी के जोहार खेल मैदान में खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 23नवंबर से प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में मुनस्यारी के तल्ला व मल्ला घोरपट्टा, बूंगा, नानासेम, सरमोली व धारचूला के दर, गब्र्यांग, कुटी, बौन, किमखोला आदि के 17-17 कुल 34 बालक हिस्सा ले रहे हैं। कहा कि इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने वाले को खिलाडियों में से जनपद की अनुसूचित जनजाति की एथलेटिक्स टीम का चयन किया जायेगा, जो आगामी एक दिसंबर से शुरू होने वाले राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। यहां केदार सिंह मर्तोलिया, बबीता बसेड़ा, कुलदीप कुमार, मंगल सिंह बुदियाल, प्रेम सिंह गुंज्याल आदि मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में नहीं बुलाए जाने पर ग्रामीण खफा

बागेश्वर। खडिया खनन के लिए की गई जनसुनवाई में नहीं बुलाए जाने पर भैरुचौबट्टा के तिलाड़ी तोक के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। खनन पट्टाधारक पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। तिलाड़ी के ग्रामीण बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन के साथ धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि 28 नवंबर को उनके गांव में पट्टाधारक ने जन सुनवाई की, लेकिन इसमें उन्हें नहीं बुलाया गया। जिन लोगों को बुलाया गया वे लोग उस तोक के काश्तकार नहीं हैं। जिन लोगों की जमीन है उन्हें जानकारी तक नहीं दी गई है। उनके गांव के लोग इस जनसुनवाई का पूरा विरोध करते हैं। उन्होंने पहले ही आपत्ति लगाई है। आपत्ति दूर करने के बजाए दूसरे गांव में जन सुनवाई कर लोगों को भ्रमित करने का काम किया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जन सुनवाई निरस्त करने तथा उनकी समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस मौके पर जोगा राम, कमला देवी, गोकुल राम, नरेंद्र प्रसाद, चदन, मंजू देवी, ख्याली राम, हरी राम, ठाकुर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### भव्य रूप से मनाया जाएगा कत्यूर महोत्सव

बागेश्वर। त्यूर महोत्सव की लेकर यहां पर्यटन विभाग व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। इसमें महोत्सव को भव्य व आकर्षक बनाए जाने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को महोत्सव से बढ़ावा मिलेगा। यहां कई धार्मिक स्थल हैं जहां पर्यटक पहुंचेंगे तो स्थानीय लोगों को भी बेहतर रोजगार मिलेगा। ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कत्यूर घाटी का गौरवशाली इतिहास रहा है। प्रदेश सरकार धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वचनबद्ध है। सरकार द्वारा पर्यटन व धार्मिक गतिविधियां बढ़ाने के उद्देश्य से कत्यूर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट ने कहा कि क्षेत्र के लोग अपनी संस्कृति व क्षेत्र के लिए हमेशा आगे रहते हैं। इस महोत्सव को भी भव्य व आकर्षक बनाया जाएगा। इसमें सभी लोगों की भागीदारी रहेगी तो कार्यक्रम अच्छा होगा। इस मौके पर इंद्र सिंह बिष्ट, व्यापार संघ अध्यक्ष लक्ष्मीदत्त पांडे, देवेंद्र गोस्वामी, घनश्याम जोशी, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष कुंदन भंडारी, हरीश रावत, दयाकृष्ण जोशी, रमेश जोशी, लोकगायक गोविंद गिरी गोस्वामी, बलवंत सिंह भंडारी, नवीन बोरा, राजेंद्र नेगी, मनोज रावल, पर्यटन अधिकारी पीके गौतम, नगर पंचायत ईओ राजेश जोशी, हिमांशु जोशी आदि मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा का गांव-गांव में हो रहा स्वागत

बागेश्वर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रचार रथ का ग्राम पंचायत गोलना व कपकोट पहुंचने पर महिलाओं, विभागीय अधिकारियों एंव कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान पंचायती राज विभाग, ग्राम्या, कृषि, शिक्षा, बाल विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग, उज्जवला योजना भारत एंव इंडेन गैस कर्मियों ने अपने अपने विभाग की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वहीं गरुड़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कौलाग में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर स्कूली छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ स्वागत किया गया। विकसित भारत के संबंधन में संकल्प दिलाया गया। ग्राम पंचायत कौलाग को ओडीएफ घोषित किये जाने के फलस्वरूप ग्राम प्रधान कौशल्या देवी को ओडीएफ प्रमाण पत्र दिया गया तथा पांच स्कूली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सीएचओ सरिता गढिया द्वारा स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारियां प्रदान की गयी, जिसमें 59 आभाकार्ड, 55 क्षय रोग परीक्षण 10 अन्य रोगों से सम्बन्धित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 40 ग्रामीणों की टीबी0 स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान कौशल्या देवी, प्रभारी, खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार तिवारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कैलाश गिरी, रोजगार सहायक संजय कांडपाल आदि मौजूद रहे।

### अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया पीएचसी का औचक निरीक्षण

बागेश्वर। जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बुधवार को विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें डॉक्टर समेत कई कर्मचारी नदारद मिले। इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है। अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी के निरीक्षण के चलते कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। बुधवार की सुबह आठ बजे डॉक्टर चौहान निरीक्षण को निकले। सबसे पहले उन्होंने पीएचसी दोफाड़ का निरीक्षण किया।

# उत्तराखंड : घर में लगाएं रूफटॉप सोलर प्लांट, होगी अच्छी कमाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 30 नवंबर : उत्तराखंड में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) ने भी इस दिशा में कदम बढ़ाया है। उरेडा की योजना के तहत बेरोजगार युवा रूफटॉप सोलर पावर प्लांट योजना के जरिये अपने लिए आमदनी का नया जरिया तैयार कर सकते हैं। रूफटॉप सोलर पावर प्लांट से न सिर्फ बिजली की खपत कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा सकेगा।

बेरोजगार युवा अपने घरों की छत पर सोलर प्लांट स्थापित कर खुद मुफ्त में बिजली का इस्तेमाल कर सकते हैं, साथ ही यूपीसीएल को बिजली बेचकर पैसा भी कमा सकते हैं। खास बात ये है कि सोलर प्लांट लगाने के लिए उन्हें 50 फीसदी सब्सिडी के साथ अनुदान मिलेगा। योजना के तहत बेरोजगारों को अपने घर की छतों पर तीन से 10 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट स्थापित करने होंगे। पावर प्लांट की लागत छह लाख रुपये होगी, 50 फीसदी सब्सिडी भी मिलेगी।

सोलर पावर प्लांट से उत्पादित बिजली को यूपीसीएल 4.49 रुपये प्रति यूनिट की दर से खरीदेगा। यह रकम संबंधित के खाते में आएगी जो उनके लाभ का हिस्सा होगा। उरेडा, अल्मोड़ा के परियोजना अधिकारी मनोज कुमार बनेठा ने बताया कि यह योजना बेरोजगारों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। खास बात यह है कि इसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी भी मिल रही है। योजना का लाभ पाने के लिए नेशनल पोर्टल पर आवेदन करना होगा। एमएनआरई के नेशनल पोर्टल https://solarrooftop.gov.in पर आवेदन करने के बाद सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए अनुदान मिलेगा।

## जिला जज ने रीडस संस्था का निरीक्षण किया

चम्पावत। जिला जज कहकशा खान और किशोर न्याय बोर्ड चम्पावत के प्रधान मजिस्ट्रेट हेमंत सिंह द्वारा रीड्स संस्था का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अभिलेखों एवं पीड़िताओं को रखने के लिए उपलब्ध कमरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के संबंध में जिला जज को अवगत कराया गया।

## रामनगर में बाघ से सुरक्षा को प्रर्दशन, लगाया जाम

रुद्रपुर। कॉर्बेट से सटे कानिया गांव में दो मवेशियों को बाघ के मारने के बाद ग्रामीणों में दहशद का माहौल है। ग्रामीणों ने पार्क प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जाम लगा दिया है। बुधवार को ग्रामीणों ने सावलदे रोड पर प्रदर्शन किया। गुस्साए लोग सडक पर बैठ गए। इससे सडक की दोनों ओर लंबा जाम लगा दिया। महिलाओं ने पार्क प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे पुलिस को मौके पर आना पड़ गया। ग्रामीण पार्क के अधिकारियों को धरना स्थल पर बुलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शाम होते ही बाघ उनके खेतों के आस पास दिखने लगता है।

## चाकू के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि आरोपी को पुराना रानीपुर मोड से रेलवे अंडरपास टिबडी फाटक की तरफ जाने मार्ग से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम दानिश निवासी मोहल्ला पांवधोई बताया है। आरोपी के पास से चाकू बरामद हुआ है।

## घर के बाहर से बाइक चोरी

हरिद्वार। शहर कोतवाली क्षेत्र के लोधामंडी स्थित घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए है। इंस्पेक्टर भावना कैंथोला के मुताबिक लोधामंडी इंडस्ट्रियल एरिया निवासी राजेंद्र राम ने शिकायत कर बताया कि घटना 24 नवंबर की रात की है, जब उसकी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी। जहां से देर रात में किसी ने बाइक चोरी कर ली। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है, दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करते दो आरोपी पकड़े

हरिद्वार। घेर में खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने के दो आरोपियों को रानीपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक कुतुबपुर गढ़मीरपुर निवासी लोचीराम ने शिकायत कर बताया कि उसके घेर में ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। मंगलवार देर रात आवाज आने पर वह जाग गए। जब घेर में आकर देखा तो दो युवक ट्रैक्टर की बैटरी निकालकर ले जा रहे थे। उन्होंने दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नवाब और रिजवान निवासीगण ग्राम गढ़ बताया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बैटरी बरामद कर ली गई।

## जिंदगी की जंग के महानायक बन गए धामी: बाली

काशीपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली ने सुरंग से सकुशल बाहर निकले सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। भाजपा नेता दीपक बाली ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि जो नहीं हो सकता था वह कर दिखाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन मे बचाव कार्य की पल-पल की गतिविधियों का अपडेट लेकर दिशा निर्देशन दे रहे मुख्यमंत्री के प्रयासों के चलते जिंदगी जंग जीत गई और इस जंग में धामी जिंदगी के महानायक बन गए।

## नगर निगम क्षेत्र की 200 सडक़ों का पुनर्निर्माण का काम शुरू

हरिद्वार। नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में विभिन्न मुख्य और आंतरिक सडक़ों के पुनर्निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग कर रहा है। सडक़ों का पुनर्निर्माण होने के बाद क्षेत्र की करीब ढाई लाख की आबादी को लाभ मिलेगा। पिछले करीब तीन सालों से विभिन्न वार्डों की जनता टूटी सडक़ों के पुनर्निर्माण की मांग कर रही थी। ज्वालापुर के 60 वार्डों में विभिन्न सडक़ों का पुनर्निर्माण होना है। विभिन्न विकास कार्यों के कारण वार्डों की सडक़ों को खोदा गया था। पिछले तीन वर्षों से क्षेत्र की जनता टूटी सडक़ों पर आवागमन करने को मजबूर थी। तीन साल बीत जाने के बाद सडक़ों के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

## 14 चोरी की बाइक और स्कूटर के साथ दो दोस्त गिरफ्तार

हरिद्वार। बहादराबाद पुलिस ने चोरी की बाइक और स्कूटर के साथ दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि बाइक चोरी की शिकायतों के बाद बहादराबाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके आधार पर बीते मंगलवार को वर्धमान इंडस्ट्रियल एरिया के पास खंडहर में दबिश देकर दो चोर विशाल धीमान और शाहआलम को दबोचा। पुलिस टीम ने मौके पर खंडहर में ही छिपा कर रखे गए चोरी के 14 दोपहिया वाहनों को भी बरामद किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसबी द्वारा चलाए जा रहे पंद्रह दिवसीय व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण का हुआ समापन

चम्पावत। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित 57 वहिनी सशस्त्र सीमा बल चौकी धनुष्पुल के द्वारा ग्राम देवीपुरा और गढ़ीगोठ में महिलाओं और लड़कियों के लिए चलाये जा रहे पंद्रह दिवसीय निःशुल्क व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण का समापन हो गया है। इस अवसर पर पचास प्रशिक्षणार्थीयों को सिलाई किट ओर प्रमाण पत्र दिया गया। उप-कमांडेंट सुनील कुमार ने प्रशिक्षणार्थीयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से आगे तक बढ़ सकते हैं इस अवसर पर उप-कमांडेंट सुनील कुमार,निरीक्षक मुन्नी,ग्राम प्रधान दीपक प्रकाश चन्द, सिलाई प्रशिक्षण सावित्री देवी,चाँद मियां, सुरेश उप्रेती, जसवंत बसेड़ा आदि उपस्थित थे।

### बीएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर में डिक्टिया डीशू व सपना कौर रही टॉपर

रुद्रपुर। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने बीएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता के बीएड द्वितीय सेमेस्टर में डिक्टिया डीशू ने 78.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, राहुल गहतोड़ी, कदर जहां एवं ममता जोशी ने 77.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, शालू गौरव ने 74.22 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में सपना कौर ने 82.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंजना मेहता ने 81.52 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान और ममता चौसली ने 81.47 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता, महाविद्यालय संरक्षक बाबा तरसेम सिंह, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु बाला, प्रबंधक अमृतपाल कौर, डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी ने विद्यालयों को बधाई दी।

### पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से आजाद कराने की मांग को लेकर निकाला जुलूस

रुद्रपुर। पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से आजाद कराने की मांग को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। बुधवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पर्यावरण विभाग के प्रांत संयोजक सय्यद दानिश खान तिरमजी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से आजाद कराने की मांग को लेकर पीलीभीत रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम से नगर के मुख्य चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। मुख्य चौक पर कार्यकर्ताओं ने पीओके को आजाद कराने को लेकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से आजाद कराने की मांग की। इस दौरान इमरान सकलैनी, जाहिद अजहरी, अमजद मियां, मो. अकरम, रूमाना नकबी, सरफराज अंसारी, विशाल श्रीवास्तव, शाह अब्दुल शकूर, मो. बसीम, अमन, अफरोज, रमजान, शमशुल हसन, जाहिद अली आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया हवन यज्ञ

रुद्रपुर। उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में 17 दिन से फंसे श्रमिकों की सकुशल वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया के नेतृत्व में पीलीभीत रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर भजन कीर्तन का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया और भगवान को धन्यवाद दिया। इस दौरान मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, गोपाल बोरा, भवानी भंडारी, अमित पांडेय, गौरव सोनकर, सुरेश जीना, रोहित चौधरी, कंचन शर्मा, धाना भंडारी, अंजू देवी, अनीता ज्याला, विमला बिष्ट, पूनम कश्यप, नरेंद्र कश्यप, राजू कुरिया, रमेश जोशी, तरूण ठाकुर आदि मौजूद थे।